प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :-

- अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस आज, प्रदेश में होंगे विभिन्न कार्यक्रम।
- राज्य विधानसभा का बजट सत्र 10 मार्च से होगा शुरू, 12 मार्च को पेश होगा बजट।
- शिवपुरी का माधव नेशनल पार्क प्रदेश का 9वाँ टाइगर रिजर्व घोषित।
- महिला प्रीमियर लीग क्रिकेट में, गुजरात जायंट्स ने डेल्ही कैपिटल्स को पांच विकेट से हराया।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

आज अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस है। आज के दिन महिलाओं को राष्ट्रीय, जातीय, भाषाई, सांस्कृतिक, आर्थिक या राजनीतिक सीमाओं से परे उनकी उपलब्धियों के लिए पहचाना जाता है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 का विषय 'सभी महिलाओं और लड़कियों के लिए अधिकार, समानता, सशक्तिकरण' है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने इस अवसर पर अपनी शुभकामनाओं में कहा कि महिलायें ने प्रतिकूल परिस्थितियों और चुनौतियों का सामना करते हुए विभिन्न क्षेत्रों में सफलतापूर्वक अपनी पहचान बनाने में सफल रही है। वहीँ, आकाशवाणी भोपाल में आयोजित एक कार्यक्रम में पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री कृष्णा गौर ने महिलाओं के लिए किये जा रहे प्रयासों का उल्लेख किया।

महिला दिवस कार्यक्रम-राज्य

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अंतर राष्ट्रीय महिला दिवस पर आज "पढेंगे हम-बढेंगे हम" साक्षरता अभियान का शुभारंभ करेंगे। इसके साथ साथ म. प्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के स्व-सहायता समूहों को बैंक ऋण राशि वितरण भी किया जाएगा। वहीँ, लाड़ली बहना योजना के तहत 1 हजार 250 रूपये की मासिक भी जारी करेंगे। कार्यक्रम में प्रदेश के छह प्रमुख शहरों भोपाल, इन्दौर, ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन एवं धार में जैविका हाट बाजारों का शुभारंभ भी होगा। मुख्यमंत्री समाज सेवा, सुरक्षा, वीरता एवं साहसिक कार्यों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं को राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित करेंगे।

प्रधानमंत्री गुजरात यात्रा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के सूरत में कल सूरत जिला खाद्य सुरक्षा संतृप्ति अभियान का शुभारंभ करते हुए देश के प्रत्येक परिवार को पर्याप्त पोषण प्रदान करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि सरकार देश में लोगों को रक्त की कमी और कुपोषण मुक्त करने के लिए हर एक परिवार को पर्याप्त पोषण उपलब्ध कराएगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि प्रत्येक पात्र लाभार्थी को लाभ मिले।

## वेव्स सम्मेलन

केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सचिव संजय जाजू ने मनोरंजन, रचनात्मकता और संस्कृति की दुनिया को एक साथ लाने वाले वैश्विक शिखर सम्मेलन- वेव्स की तैयारियों की निगरानी के लिए मुंबई में एक बैठक की। इसमें संयुक्त सचिव, संजीव शंकर, सी. सेंथिल राजन और अजय नागभूषण एम.एन. भी शामिल हुए। केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्रालय, महाराष्ट्र सरकार के सहयोग से, 1 से 4 मई तक मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में इस शिखर सम्मेलन का आयोजन करेगा।

## विधानसभा सत्र

मप्र विधानसभा का बजट सत्र 10 मार्च से शुरू होगा। राज्यपाल के अभिभाषण के साथ 10 मार्च को सत्र का शुभारंभ होगा। 12 मार्च को सदन में मौजूदा सरकार द्वारा मप्र का दूसरा बजट पेश किया जाएगा। सत्र को लेकर अब तक 2 हजार 939 प्रश्न सचिवालय को प्राप्त हुए है, जिसमे 1 हजार 785 प्रश्न ऑनलाइन और 1 हजार 154 प्रश्न ऑफलाइन आए हैं। इसके अलावा स्थगन का एक, शून्यकाल की 5, अशासकीय संकल्प की 13 सूचनाएं प्राप्त हुई हैं। 15 दिवसीय सत्र में 9 बैठके होना है. विधानसभा के प्रमुख सचिव ए पी सिंह के अनुसार मप्र विधानसभा को पेपरलेस करने की कवायद जारी है।

## नया कन्वेंशन सेंटर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश की राजधानी भोपाल में बड़े आयोजनों के लिए जिस तरह के कन्वेंशन सेंटर की आवश्यकता थी, वह कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर (मिंटो हॉल) के विस्तारीकरण और नए कन्वेंशन सेंटर से पूर्ण हो जाएगी। मुख्यमंत्री कल कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में प्रस्तावित नवीन कन्वेंशन सेंटर के भूमि-पूजन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

वर्ष 2026 में बनकर तैयार होने वाले नवीन सेंटर में करीब 1500 व्यक्तियों की क्षमता वाला ऑडिटोरियम, 4500 व्यक्तियों के भोजन करने की क्षमता, अतिथियों के लिये सर्वसुविधायुक्त 15 कमरे,बिजनेस सेंटर और 400 वाहनों की पार्किंग व्यवस्था भी होगी। कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर और प्रस्तावित नवीन कन्वेंशन सेंटर दोनों परिसरों को एक कॉरीडोर से जोड़ा जाएगा।

## माधव नेशनल पार्क

शिवपुरी का माधव नेशनल पार्क प्रदेश का 9वाँ टाइगर रिजर्व घोषित कर दिया गया है. राज्य शासन ने 7 मार्च को इस सम्बन्ध में आदेश जारी कर दिये गये हैं। माधव टाइगर रिजर्व का कुल क्षेत्रफल 1 हजार 650 वर्ग किलोमीटर है। यहाँ 2023 को बाघ पुनर्स्थापना के लिये 3 बाघ, जिसमें 2 मादा एक नर अन्य टाइगर रिजर्व से लाये गये थे।

भारत सरकार द्वारा 2 अतिरिक्त बाघ लाने की स्वीकृति दी गयी है, जो 10 मार्च को माधव टाइगर रिजर्व में छोड़े जायेंगे। इस प्रकार माधव टाइगर रिजर्व में कुल बाघों की संख्या 7 हो जायेगी।

महिला प्रीमियर लीग क्रिकेट

महिला प्रीमियर लीग क्रिकेट में, कल रात लखनऊ में गुजरात जायंट्स ने डेल्ही कैपिटल्स को पांच विकेट से हरा दिया। डेल्ही कैपिटल्स ने पहले खेलते हुए निर्धारित 20 ओवर में पांच विकेट पर 177 रन बनाए। गुजरात जायंट्स ने 178 रन का लक्ष्य तीन गेंद शेष रहते हासिल कर लिया। मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु आज शाम लखनऊ में यूपी वॉरियर्स से खेलेगा। मैच शाम साढ़े सात बजे शुरू होगा।

समाचार संक्षेप में ......

- सोलवें वित्त आयोग के सदस्यों ने कल सिप्ला लिमिटेड, पीथमपुर का दौरा किया। यहाँ उन्होंने फार्मास्युटिकल परिदृश्य, उद्योग की वृद्धि और राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली में भूमिका पर चर्चा की।
- इंदौर में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन और हितधारकों की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु आयोजित प्रशिक्षण एवं समीक्षा बैठक हुई।
- सिंगरौली जिले में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत कल 297 जोड़े विवाह बंधन में बंध गए. इस दौरान सिंगरौली विधायक राम निवास शाह और नगर निगम की महापौर श्रीमती रानी अग्रवाल मौजूद थी।
- ग्वालियर में सतपुड़ा चलचित्र समिति और विश्व संवाद केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय ‘ग्वालियर शॉर्ट फिल्म फेस्टिवल’ का शुभारंभ आज से हो रहा है।
- मंडला में जन औषधि दिवस के अवसर पर पीएचई मंत्री  संपतिया उईके ने जिला चिकित्सालय परिसर में प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र का शुभारंभ किया गया।
- बड़वानी में आज प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से जुडी एक बीमा कम्पनी द्वारा कार्यशाला आयोजित कर उन्नतशील महिलाओं का सम्मान और पौधों का वितरण किया जायेगा।
- खरगोन में पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग में 84 लाख रु से अधिक की छात्रवृत्ति घोटाले के मामले में तीन अधिकारियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया गया है।
- सतना में स्मार्ट सिटी डेवलपमेंट के तहत बनाए जा रहे सतना शहीद स्मृति पार्क का भूमिपूजन कल नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने किया।
- मंदसौर में उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने ग्राम अम्बाव में 61 करोड़ रुपये से निर्मित होने वाली सड़कों का भूमि पूजन किया।

- खण्डवा में महिला दिवस के उपलक्ष्य में आज जिला पंचायत द्वारा नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के अंतर्गत जिले की निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधियों का एक दिवसीय उन्मुखी कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा।
- अशोकनगर में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आज गर्भवती माताओं को सेहत की टोकरी प्रदान की जाएगी ।

अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर ....

- अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस आज, प्रदेश में होंगे विभिन्न कार्यक्रम।
- राज्य विधानसभा का बजट सत्र 10 मार्च से होगा शुरू, 12 मार्च को पेश होगा बजट।
- शिवपुरी का माधव नेशनल पार्क प्रदेश का 9वाँ टाइगर रिजर्व घोषित।
- महिला प्रीमियर लीग क्रिकेट में, गुजरात जायंट्स ने डेल्ही कैपिटल्स को पांच विकेट से हराया।

-------